SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

जून – 2014

‘बिजली गुल’ की शिकायत हेल्पलाइन नंबर, आईवीआरएस और एसएमएस के जरिए करें

कॉल करें 24x7 **399–99–707**

आईवीआरएस

- किसी रजिस्टर्ड नंबर से 399–99–707 पर कॉल करें*
- भाषा का चयन करें
- बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें
- आपका अनुरोध स्वतः ही रजिस्टर्ड हो जाएगा
- अगर आप रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं तो अनुरोध दर्ज कराने के लिए सीए/सीआरएन नंबर को पंच करें

एसएमएस

टाइप करें–बीएसईएसआरपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5–61–61–07 पर भेज दें।

*आप अपने कांटेक्ट नंबर को 399–99–707 पर कॉल करके अथवा बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर लॉग ऑन करके रजिस्टर करा सकते हैं

बिजली कटौती की वजह – वास्तविक तस्वीर्

निर्बाध बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित कराने के लिए बीआरपीएल प्रतिबद्ध है। कुछ बाह्य घटकों की वजह से हमारे प्रयास बाधित होते है जिसमें से कुछ तो हमारे नियंत्रण से बाहर है। ये निम्नवत् है–

(1) नार्दन ग्रिड में लो फ्रिकेवेंसी (2) ग्रिड व्यवधान (3) जनरेटिंग यूनिट्स के उपकरणों का ब्रेकडाउन होना (4) टांसमिशन् लाइन और उपकरणों का ब्रेकडाउन होना (5) लाइन क्षमता व्यवधान (6) मेंटीनेंस और एग्युमेंटेशन कार्य के लिए डिस्ट्रिब्युशन लेवल पर योजनाबद्ध शट्डाउन (7) जनरेटिंग स्टेशनों में फ्यूल की कमी से विद्युत का कम उत्पादन होना।

कुछ स्थितियों में अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था करने में डिस्कॉम्स् को कम से कम 24 घंटे का समय लगता है। भारत में ऊर्जा बिजनेस् का स्वभाव ऐसा ही है।

बिजली खपत को चेक करें

जैसा कि आपको मालूम है कि 400 यूनिट तक घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली की खपत पर मिलने वाली सब्सिड़ी को 31 मार्च 2014 से बंद कर दिया गया है। फलस्वरुप, 1 अप्रैल 2014 से बिजली की खपत पर किसी प्रकार की सब्सिडी नहीं दी जा रही है। सामान्यतया, गर्मी के महीनों में एयरकंडीशनर, और कूलर्स के इस्तेमाल से बिजली की खपत में वृद्दि भी होती है।

इन दो कारणों से बिजली बिल पर संभवतः असर पड़ सकता है। अगर आप सोच रहे हैं कि आपका बिल ज्यादा है तो सबसे पहले आप अपने इस दौरान के पिछले साल के बिजली बिल को चेक करें। आप अपने खपत को संभवतः कुछ ऐसा ही पाएंगें।

अपने बिजली खपत की गणना के लिए आप www.bsesdelhi.com पर लॉग ऑन करें और ऑन लाइन एनर्जी कलेक्युलेटर से चेक करें।

बिजली का इस्तेमाल समझदारी के साथ, कम करें बिजली बिल

- इलेक्ट्रानिक उपकरणों को स्टैंड बाय मोड पर न रखें क्योंकि आपका बिजली मीटर ऐसी स्थिति में भी बिजली की खपत को रेकॉर्ड करता है।
- छत को सफेद रंग से पेंट कर दें या उस पर सफेद टाइल्स लगवायें। रेज़ीडेंशियल और कमर्शियल छत को सफेद रंग से पेंट कराने या उस पर सफेद टाइल्स लगवाने से एयरकंडीशन से होने वाली बिजली की खपत में 20 प्रतिशत की कमी आयेगी।
- एयर कंडीशनर चलाने पर प्रति घंटा 10 रूपये का खर्च आता है। आप अपनी खिड़कियों व दीवारों को पौधों से ढककर 40 प्रतिशत तक बिजली की खपत कम कर सकते हैं।
- एसी थर्मोस्टैट को 25 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें, ताकि कम से कम कीमत पर बेहतर आराम मिले।
- एलईडी लाइट्स का इस्तेमाल करें। ये साधारण बल्ब की तुलना में आठ गुना और सीएफएल के मुकाबले दोगुना ऊर्जा कुशल हैं।

आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट संबंधी शिकायत के लिए फोन करें – 1800–103–9707

अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा हमारे के लिए काफी महत्वपूर्ण है। आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) और स्ट्रीटलाइट संबंधी शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए बीआरपीएल ने एक पूर्ण समर्पित, टोल फ्री यानी शुल्क रहित नंबर – 1800–103–9707 की शुरुआत की है। यह नंबर चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करता है।

यह पूर्ण समर्पित नंबर, बीआरपीएल के मौजूदा हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 के अलावा है। इस पर भी आपातकाल (आग एवं दुर्घटना) एवं स्ट्रीटलाइट की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। गौरतलब है कि यह हेल्पलाइन नंबर भी चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करता है।

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, Regd. Off: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi - 110019
CIN No U74899DL2001PLC111527, Tel No +91 11 399-99-707, Website www.bsesdelhi.com
To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy